**First Language Hindi (03H)**
**(Composite Course)**
**Class-X**
**Guidelines**

**Time: 2 hours** **Max. Marks: 60**

- इस प्रश्न पत्र के कुल अंक 60 हैं। कुल समय 2 घंटे हैं।
- प्रश्न पत्र के दो भाग हैं। PART - A और PART - B .
- PART - A 45 अंकों के लिए हैं। कुल समय 1:30 घंटे हैं।
- PART - B 15 अंकों के लिए हैं। कुल समय30मिनट हैं।

**PART - A** **- 45 अंक**

- PART – A में तीन SECTION हैं। इनमें अर्थग्राह्यता– प्रतिक्रिया ,स्वरचना और सृजनात्मकता से संबंधित प्रश्न हैं।
- SECTION – I के अंतर्गत एक प्रश्न अपठित गद्यांश और एक प्रश्न अपठित पद्यांश से संबंधित है। अपठित गद्यांश में से 6 प्रश्न ,अपठित पद्यांश में से 6 प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए ( 1 ) अंक निर्धारित है।
  अपठित गद्यांश - 6 x 1 = 6
  अपठित पद्यांश - 6 x 1 = 6 ( कुल : 12 )
- SECTION – II के अंतर्गत लघु प्रश्न हैं। इनमें 2 प्रश्न गद्य और 2 प्रश्न पद्य से होंगे। सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। ( 4 x 3 = 12 )
  नोट :- एक प्रश्न कवि या लेखक परिचय से संबंधित होगा।
- SECTION – III के अंतर्गत निबंधात्मक प्रश्न हैं। इन प्रश्नों में गद्य भाग से 2 , पद्य भाग से 2 तथा विधाओं से संबंधित 2 प्रश्न होंगे। प्रत्येक भाग में आंतरिक विकल्प होगा। प्रत्येक भाग के 2 प्रश्नों में से ( 1 ) प्रश्न का उत्तर लिखना होगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 7 अंक निर्धारित हैं। ( 3 x 7 = 21 )

**PART - B** **-15 अंक**

- PART - B में कुल बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे।
  - शब्द भंडार के 8 प्रश्न होंगे। (8 x 1 = 8)
  - व्याकरण के 7 प्रश्न होंगे। (7 x 1 = 7)

***

<u>Blue Print</u>

FIRST LANGUAGE HINDI - 03H

CLASS X

(COMPOSITE COURSE)

समय :2 घंटे　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अंक :60

| क्रम संख्या | शैक्षिक मापदंड | प्रश्न संख्या | VERY SHORT | SHORT | ESSAY TYPE | MCQ | TOTAL QUESTIONS | TOTAL MARKS | WEIGHTAGE % |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **PART – A** | | | | | | | | | |
| Section-I - अर्थ ग्राह्यता प्रतिक्रिया | | | | | | | | | |
| I | अ) अपठित गद्य | प्रश्न संख्या 1 से 6 ( 6 प्रश्न) | 6x1= 6 | | | | 12 | 12 | 20% |
| | आ) अपठित पद्य | प्रश्न संख्या 7 से 12 (6 प्रश्न) | 6x1 = 6 | | | | | | |
| **Section-II - स्वरचना** | | | | | | | | | |
| II | अ) गद्य (2)<br>आ) पद्य (2) | प्रश्न संख्या 13 से 16 (4 प्रश्न) | | 4x = 3<br>12 | | | 4 | 12 | 20% |
| **Section-III - स्वरचना - सृजनात्मक अभिव्यक्ति** | | | | | | | | | |
| III | अ) पद्य | प्रश्न संख्या 17 (आंतरिक विकल्प) | | | 1x7 = 7 (दो में से एक) | | 3 | 21 | 35% |
| | आ) गद्य | प्रश्न संख्या 18 (आंतरिक विकल्प) | | | 1x7 = 7 (दो में से एक) | | | | |
| | इ) विधाएँ | प्रश्न संख्या 19 (आंतरिक विकल्प) | | | 1x7 = 7 (दो में से एक) | | | | |
| | | | | | | | | | |
| | TOTAL | | | | | | 19 | 45 | 75% |
| **PART – B** | | | | | | | | | |
| भाषा की बात | | | | | | | | | |
| I | शब्द भंडार | प्रश्न संख्या 1 से 8 (8 प्रश्न) | | | | 8 X 1 = 8 | 15 | 15 | 25% |
| | व्याकरण | प्रश्न संख्या 9 से 15 (7 प्रश्न) | | | | 7 X 1 = 7 | | | |
| | TOTAL | | | | | | 15 | 15 | 25% |
| | PART – A & PART – B GRAND TOTAL | | | | | | | 60 | 100% |

**Model Question Paper, March, 2023**
**HINDI (First Language)**
**Class - X**
**(Composite Course) – 03H**

**Time : 2 hours** **(Parts A and B)** **[Maximum Marks:60]**

**Instructions :**

**(i) Read the following Question paper and understand every question thoroughly.**

**(ii) Answer the questions under Part 'A' on a separate answer book. Duration for this is 1.30 hours and marks 45.**

**(iii) Part-B contains 15 marks and time duration is 30 minutes.**

**(iv)Write the answers to the questions under Part-'B' on the Question paper itself and attach it to the answer book of Part-'A'.**

**(v) Answer all the questions as directed.**

---

Time:1.30 Hr. **Part -A** **Marks : 45**

## SECTION-I

अ) **निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।** **(6x1=6)**

हिरन अनेक प्रकार के होते हैं। इनमें एक प्रकार के हिरन का नाम कस्तूरिया हिरन है। इसकी नाभि में कस्तूरी रहती है। वह वातावरण को खुशबू से भर देती है। इसी कस्तूरी का उदाहरण लेकर कबीरदास ने कहा था कि ईश्वर हमारे मन में ही रहता है जैसे फूल में खुशबू रहती है, इसी प्रकार हिरन की नाभि में कस्तूरी रहती है किंतु हिरन स्वयं नहीं जानता कि कस्तूरी उसकी नाभि में है, वह उसे सारे वन में ढूँढता फिरता है। कस्तूरिया हिरन की एक विशेषता यह है कि यह बहुत शर्मीला जानवर है। यह सारा दिन सोता रहता है, शाम में अंधेरा होने के बाद ही खाने-पीने के लिए निकलता है। फूल इसकी पसंद का आहार है। इस जाति का हिरन सिवाय हिमालय पर्वतों के, संसार में कहीं भी नहीं पाया जाता।

हिमालय की आठ हज़ार से बारह हजार फीट ऊँची चोटियों पर रहता है। इसके शरीर पर पाये 'जानेवाले बाल लम्बे, लहरदार और कठोर होते हैं जिसके कारण यह सर्दी में सुरक्षित रह पाता है ।

1. वातावरण में खुशबू फैलने का कारण क्या है?
2. कस्तूरिया हिरन की विशेषता बताइए।
3. किस कारण हिरन सर्दी से सुरक्षित रहता है?
4. ये हिरन कहाँ पाये जाते हैं?
5. कबीर ने कस्तूरी एवं फूल के माध्यम से क्या संदेश दिया है?
6. इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

**(आ) निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों मे लिखिए।**

(6x1=6)

भारत की बगिया के हमसब रंग-बिरंगे फूल हैं,
धरती गगन सितारे, सागर सब अपने अनुकूल हैं।
शुभ-प्रभात, संध्याएं अपनी होती यहाँ सुहावनी,
मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारों में ध्वनियाँ हैं मनभावनी,
शांति प्रेम सद्भाव हमारे जनजीवन में व्याप्त हैं,
बसी हुई है गोद हमारे, मानवता सद्भावनी ।
चिंतन, मनन, विचार हमारे, हिंसा के प्रतिकूल हैं।
धरती, गगन, सितारे, सागर, सब अपने अनुकूल हैं।
प्रगति पंथ के पथिक, थकेंगे क्या आँधी-तूफान से,
जिएंगे, जीने देंगे हर प्राणी को सम्मान से,
अंधकार में दीप जलाएंगे, शुभता, सदभाव के,
जीना सिखलाएंगे, हिम्मतदारों को हम शान से,
हम न किसी के पग में चुभनेवाले कोई शूल हैं।
धरती, गगन, सितारे, सागर सब अपने अनुकूल

7. पद्यांश में किन धार्मिक स्थलों का उल्लेख है?
8. "भारत की बगिया के हम सब रंगबिरंगे फूल हैं।" इस का भाव क्या है?
9. कवि ने किन चीजों को अपने अनूकूल माना है?
10. जीना किसे सिखलाया जाएगा?
11. पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
12. कविता में क्या संदेश है?

## SECTION-II

(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में लिखिए । (4x3=12)

13. श्रीधर पाठक के बारे में आप क्या जानते हैं? अपने शब्दों में लिखिए।
14. ससुरालवाले बहू से क्या अपेक्षा करते हैं? 'कन्यादान' कविता को दृष्टि में रख लिखिए।
15. 'नेताजी का चश्मा' कहानी का पात्र 'पानवाला' के चरित्र की विशेषता बताइए।
16. पर्यावरण को संतुलित रखने में हमारे न्यायालय किस प्रकार योगदान दे सकते हैं ?

## SECTION-III

**(अ) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए।(1x7=7)**

17. 'राम-लक्ष्मण-परशुराम' में से सब से ज्यादा कौन पाठक को प्रभावित करते हैं? कैसे?

**या**

बच्चन जी ने जीवन की यात्रा को सरल बनाने के लिए हमें क्या संदेश दिया है ?

**(आ) निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ-दस पंगितयों में लिखिए। (1x7=7)**

18. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के अच्छे प्रदर्शन के लिए किस प्रकार की खेल सुविधाओं की आवश्यकता है? मेरीकॉम के संपादकीय को दृष्टि में रखकर अपने विचार व्यक्त कीजिए।

**या**

विशेष आवश्यकतावाले लोगों के साथ हमारा कैसा व्यवहार होना चाहिए?

**इ) किसी एक प्रश्न का उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए।(1x7=7)**

19.'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर निबंध लिखिए।

**या**

गर्मी की छुट्टियों में आप क्या करना चाहते हैं? पत्र लिखकर मित्र को जानकारी दीजिए।

------------X-----------X------------

HINDI (First language) – 03H

(Composite Course)

Time : 30 minutes | Part-B | Maximum Marks:15

Instructions :

Answer all the questions of Part- 'B' on the Question paper itself and attach it to the Answer Booklet of Part-A.

(ii) Candidate must write CAPITAL LETTERS ( A, B, C or D) while answering the Multiple choice questions.

---

I. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए। (15x1=15)

1. मेरे गुरुजी सदा श्वेत वस्त्र धारण करते हैं। (      )
   (रेखांकित शब्द का तद्भव पहचानिए i)
   (A) विश्वास (B) सफेद (C) खेत (D) श्वास

2. मेरे और भाई साहब के बीच में अब केवल एक दरजे का अंतर रह गया था। (      )
   (रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए।)
   (A) दरवाजे B) कक्षा C) दूरी D) समय

3. आप ----------- होते हुए भी एक सफल महिला मानी जाती है। (      )
   (रिक्त स्थान के लिए सही वर्तनी वाला शब्द पहचानिए।)
   A. दृष्टिहीन B. द्रिपटीहीन C.दृष्टीहीन D.दुपटीहीन

4 . परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने पर यह कहा जाएगा। (      )
   (A) मुझे खेद है (B) बधाई (C) धन्यवाद (D) आपका स्वागत है

5 . चोर पुलिस को देखकर नौ दो ग्यारह हो गया। (      )
   (वाक्य में प्रयुक्त मुहावरे का भाव पहचानिए)
   (A) पैसे देना (B) छिप जाना (C) भाग जाना (D) डर जाना

6 . बच्चों के खेलने की जगह निरंतर सिकुड़ती जा रही है। (      )
   (रेखांकित शब्द का विलोम पहचानिए।)
   (A) छोटी (B) गिरती (C) जलती (D) फैलती

7. मध्यकालीन राजाओं को भवन निर्माण में बहुत रुचि थी। (      )
   (रेखांकित शब्द का संधि विच्छेद पहचानिए।)
   (A) भू +अन (B) भौ+अन (C) भ + वन (D) भो +अन

8. <u>सुख-दुख</u> में संयम से रहना ही धैर्य है। (रेखांकित सामासिक शब्द का विग्रह कीजिए।) ( )

(A) सुख और दुःख (B) सुख में दुःख (C) सुख से दुःख (D) सुखी -दुखी

9 .पानवाला आँखों ही आँखों में हँसा। वाक्य का वर्तमानकाल है - ( )

(A) पानवाला आँखों ही आँखों में हंसा।

(B) पानवाला आँखों ही आँखों में हंस रहा था।

(C) पानवाला आँखों ही आँखों में हँस रहा है।

(D) पानवाला आँखों ही आँखों मे हंसेगा ।

10. वे तो आग लगाकर चले गये और पिताजी सारा दिन भभकते रहे। सरल वाक्य रूप होगा – ( )

(A) उनके आग लगा कर जाने के बाद पिताजी सारा दिन मेरे ऊपर भभकते रहे।

(B) वे तो आग लगाकर चले गये लेकिन पिताजी सारा दिन भभकते रहे।

(C) वे तो आग लगाकर चले गये , पिताजी सारा दिन भभकते रहे।

(D) वे तो आग लगाकर चले गये किन्तु पिताजी सारा दिन भभकते रहे।

11. <u>छात्र</u> पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद में भी भाग लेते हैं। ( )

(रेखांकित शब्द का लिंग बदलकर लिखने पर वाक्य का रूप होगा ।)

(A) छात्रा पढाई के साथ साथ खेल कूद में भी भाग लेती हैं ।

(B) छात्राएँ पढाई के साथ साथ खेल कूद में भी भाग लेती हैं ।

(C) छात्रों पढाई के साथ साथ खेल कूद में भी भाग लेती हैं ।

(D) छात्री पढाई के साथ साथ खेल कूद में भी भाग लेती हैं ।

12. इन <u>महानगरों</u> में मेरी भेंट कई महिलाओं से हुई।

रेखांकित शब्द का वचन बदलने पर वाक्य होगा – ( )

(A) इन महानगरों में मेरी भेंट कई महिलाओं से होंगी ।

(B) इन महानगरों में मेरी भेंट कई महिलाओं से हुई ।

(C) इस महानगर में मेरी भेंट कई महिलाओं से हुई ।

(D) इस महानगरों में मेरी भेंट कई महिलाओं से होंगी ।

13. अध्यापक --------छात्रों से प्रश्न पूछा। रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त उत्तर है- ( )

A) से B) में C) ने D) को

14. <u>प्रेमचंद</u> ने कई सामाजिक कहानियाँ लिखी हैं। वाक्य को प्रश्नवाचक रूप में बदलने के लिए रेखांकित शब्द के स्थान पर यह शब्द उपयुक्त होगा - ( )

A) कौन B) किस C) कभी D) क्यों

15.यह वर्षा का मौसम है।वाक्य को नकारात्मक रूप में परिवर्तित करने के लिए सही उत्तर यह होगा ( )

A) न B) नको C) मत D) नहीं

------------x -----------x----------x-------------